

देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 244 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...** चीन को संदेश



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 2 जनवरी 2022



मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 6.0° | 41243.40

2 चीनी ड्रैगन की भड़काऊ हरकत
7 जश्न में डुबी कोहली एंड कंपनी

# भारत बन रहा आत्मनिर्भर भारत

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में निशुल्क मोबाईल टैबलेट योजना शुरू की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज राजपुर रोड, देहरादून में निःशुल्क मोबाईल टैबलेट योजना के क्रियान्वयन हेतु आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यालय की 100 छात्राओं को निःशुल्क टैबलेट प्रदान किये। शनिवार को यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी 70 विधानसभाओं में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज राजपुर रोड में ऑडिटोरियम बनाया जायेगा।

प्रदेश में लगभग 02 लाख 65 हजार विद्यार्थियों को पढ़न-पाढ़न हेतु राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क टैबलेट खरीद हेतु प्रति विद्यार्थी को डीबीटी के माध्यम से 12 हजार रूपये की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। इसी क्रम में टैबलेट खरीद हेतु राजकीय स्कूलों के 10वीं, 12वीं के 1 लाख 59 हजार विद्यार्थियों को डीबीटी द्वारा धनराशि दी गई है।

मुख्यमंत्री ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोरोना काल में ऑनलाईन पढ़ाई के लिए बच्चों को पढ़ाई के लिए काफी परेशानियों को सामना करना पड़ा। बच्चों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा उनके लिए टैबलेट उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी वे बच्चों के बीच जाते हैं, तो उनकी बचपन की यादें ताजा हो जाती हैं। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सबको समय का सदुपयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि जीवन में जो भी कार्य करें, पूर्ण मनोयोग से करें। विकल्प रहित संकल्प के साथ सबको जीवन में आगे बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत एक युवा देश है। देश की 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु वर्ग की है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। भारत आत्मनिर्भर भारत बन रहा है।

राजकीय स्कूलों में कक्षा 01 से 08 तक के विद्यार्थियों के लिए भी निःशुल्क बैग एवं जूते उपलब्ध कराये जा रहे हैं। छात्रहित में राज्य स्तरीय छात्रवृत्ति की धनराशि बढ़ाई गई है। शिवानन्द नौटियाल राज्य योग्यता छात्रवृत्ति की धनराशि को प्रतिमाह 250 रूपये से बढ़ाकर 1500 रूपये किया गया है तथा लाभार्थी विद्यार्थियों की संख्या भी 11 से बढ़ाकर 100 की गई है। श्रीदेव सुमन छात्रवृत्ति की धनराशि भी 150 रूपये से बढ़ाकर 01 हजार रूपये की गई है। सीएम प्रतिभा प्रोत्साहन योजना के तहत 12 वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को 2500 रूपये की छात्रवृत्ति 05 साल तक दी जा रही है।





### ओमीक्रोन से बचाव के लिए सतर्कता जरूरीः सीएम

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से अपील की कि कोविड के नये वेरिएंट ओमीक्रोन से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी है। उन्होंने कहा कि कोविड एप्रोप्रिएट विहेवियर का पालन जरूर करें। कोरोना से बचाव के लिए सरकार द्वारा पूरी तैयारी की गई है, लेकिन इससे बचाव के लिए सतर्कता बहुत जरूरी है।

### 10 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों के 2 लाख 65 हजार विद्यार्थी लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। डिजिटल लर्निंग के अन्तर्गत राज्य के 500 स्कूलों में वर्चुअल कक्षाएं चलाई जा रही हैं। 600 अन्य स्कूलों में भी शीघ्र ये सेवाएं शुरू की जायेंगी। राज्य के 709 राजकीय विद्यालयों में 1418 स्मार्ट कक्षाएं स्थापित की जा रही हैं, यह कार्य 15 जनवरी 2022 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। राज्य सरकार की ओर से सभी राजकीय विद्यालयों में कक्षा 09 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भिवानी में गाड़ियों पर टूटकर गिरा पहाड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भिवानी। वैष्णो देवी के दरबार में भगदड़ के बाद 12 लोगों की मौत का मामला शांत नहीं हुआ कि नए साल पर एक और दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। हरियाणा के भिवानी में भूस्खलन हो गया। वहां से गुजर रहीं कई गाड़ियां पहाड़ के मलबे के नीचे दब गईं। एक शव बरामद कर लिया गया है। जबकि अन्य को निकालने के प्रयास जारी है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि 15 से 20 लोग मलबे के नीचे दबे हो सकते हैं।

### भगदड़ में मारे गए सभी 12 श्रद्धालुओं की पहचान हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। श्री माता वैष्णो देवी भवन में भगदड़ में मारे गए सभी 12 श्रद्धालुओं की पहचान कर ली गई है। इसी बीच प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हादसे में मारे जाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों को 10 लाख रुपये और घायलों को दो लाख रुपये देने का ऐलान किया है।

# उत्तराखंड में आए कोरोना संक्रमण के 118 नए मामले

## नव वर्ष के पहले दिन उत्तराखंड में आए ओमिक्रोन के चार नए मामले

**संवाददाता**

देहरादून। अन्य राज्यों की तरह अब उत्तराखंड में भी कोरोना का ग्राफ तेजी से बढ़ने लगा है। शनिवार को राज्य में कोरोना के 118 नए मामले मिले हैं। देहरादून में सर्वाधिक 85, नैनीताल व पौड़ी में सात, बागेश्वर में तीन, अल्मोड़ा में पांच, हरिद्वार में आठ, ऊधमसिंह नगर में दो और उत्तरकाशी जिले में 1 मामला मिला है। वहीं, एक मरीज की मौत भी हुई है। अब सक्रिय मामले बढ़कर 367 पहुंच गए हैं।

उत्तराखंड में शनिवार को ओमिक्रॉन के चार नए मामले सामने आए हैं। जिसके बाद अब राज्य में ओमिक्रॉन के कुल मामले आठ हो गए हैं। हालांकि पहले सामने आए चार मरीज ठीक हो चुके हैं। इसलिए राज्य में अभी ओमिक्रॉन के केवल चार मरीज ही सक्रिय हैं। दून मेडिकल लैब द्वारा चार मरीजों की कोविड 19 जांच पॉजिटिव पाए जाने के बाद जिनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजी गई थी। जिसमें ओमिक्रॉन वैरिएंट होने की पुष्टि हुई है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार तीन मरीज देहरादून के हैं, वहीं एक मरीज गुजराज का रहने वाला है। जो ऋषिकेश आया था और लौट गया था। अब वह अहमदाबाद में आइसोलेशन पर है। चारों मरीजों की उम्र तीस साल से कम है। उत्तराखंड में नव वर्ष के पहले दिन ओमिक्रोन पॉजिटिव चार नए मरीज चिह्नित किए गए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ तृप्ति बहुगुणा ने बताया कि दून मेडिकल कालेज लैब द्वारा 4 मरीजों की कोविड-19 सैंपल जांच रिपोर्ट पॉजिटिव पाये जाने के बाद की गई जिनोम सिक्वेन्सिग अनुसार सभी 4 मरीजों में ओमिक्रोन वैरियन्ट के होने की पुष्टि हुई है। जिन मरीजों में ओमिक्रोन वैरिएंट का पता चला है, उनमें देहरादून निवासी एक 28 वर्षीय युवक का सैंपल जांच के लिए 21 दिसंबर को लिया गया था।

स्वास्थ्य महानिदेशक ने राज्य में ओमिक्रोन ग्रसित मरीजों के पाए जाने को लेकर सभी चिकित्सालयों को अलर्ट पर रहने तथा बचाव एवं नियंत्रण की सभी तैयारियों को मुस्तैद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### 13 लाख टीकों से अधूरा रह गया कोविड टीकाकरण का लक्ष्य

प्रदेश सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद 31 दिसंबर 2021 तक उत्तराखंड में वैक्सीन की दोनों डोज देने का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया है। निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद अब भी कम से कम 13.55 लाख वैक्सीन डोज लगाई जानी बाकी है।

# साल के पहले ही दिन कोरोना का विस्फोट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में ओमिक्रोन के मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं। कोरोना का यह वैरिएंट अब भारी तबाही मचाने वाले डेल्टा को पीछे छोड़ने लगा है। देश में काफी समय बाद शनिवार को कोरोना के सर्वाधिक 22,775 मामले पाए गए। वहीं 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पहुंचे ओमिक्रोन के मामले भी बढ़कर 1483 हो गए। समाचार एजेंसी एएनआइ की रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थ्थान में शनिवार को ओमिक्रोन के 52 नए मामले आए। देश में कोरोना के बढ़ते संक्रमण की वजह से सक्रिय मामलों में भी तेजी से बढ़ोतरी होने लगी है।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश पूरी ताकत, सावधानी और सतर्कता के साथ कोरोना महामारी से लड़ेगा और अपने राष्ट्रीय हितों को पूरा करेगा। मौजूदा वक्त में कोरोना ने कई चुनौतियां पेश की हैं लेकिन महामारी देश की गति को नहीं रोक सकती है।

**विदेशी संक्रमितों में से 80 फीसद में ओमिक्रोनः** आधिकारिक सूत्रों की मानें तो दूसरे देशों से आने वाले संक्रमितों में से 80 फीसद में ओमिक्रोन वैरिएंट मिल रहा है। राहत की बात केवल इतनी है कि इन मरीजों में हल्का संक्रमण देखा जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि केवल एक तिहाई में ही लक्षण नजर आ रहे हैं बाकी संक्रमित बिना लक्षण वाले ही पाए जा रहे हैं।

**एक्टिव मरीजों की संख्या एक लाख के पारः** इसके साथ ही कोरोना संक्रमण में भी लगातार बढ़ोतरी जारी है। देश में कोरोना के एक दिन में 22,775 नए मामले सामने आए। छह अक्टूबर के बाद से कोविड-19 के मामलों में यह सबसे बड़ा उछाल है। यही नहीं इसी दौरान कोविड-19 संक्रमण से 406 मरीजों की मौत हो गई जिससे महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 4,81,080 हो गई है।

### अलर्ट

■देश में 15 सौ के करीब पहुंचे ओमिक्रोन के केस

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# वैरिएंट बदल सकता है अंदाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ऋषिकेश। कोरोना का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन तेजी के साथ लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। फिलहाल संक्रमण के हल्के लक्षणों के चलते लोग वायरस को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। एम्स ऋषिकेश ने लोगों को चेताया है कि वे ओमिक्रॉन वैरिएंट को हल्के में लेने की भूल न करें। देश में संक्रमण की दर बढ़ने के साथ वायरस के गंभीर लक्षण भी सामने आ सकते हैं।

एम्स ऋषिकेश के कोविड नोडल अधिकारी और एसोसिएट प्रो. डॉ. मुकेश बैरवा बताते हैं कि कोरोना का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन पिछले वैरिएंटों के मुकाबले अधिक संक्रामक है, लेकिन नए वैरिएंट के मामले में मास्क, सामाजिक दूरी, सैनिटाइजन जैसे नियमों और वैक्सीनेशन को लेकर लापरवाही लोगों को भारी पड़ सकती है।

डॉ. मुकेश बैरवा ने कहा कि देश में ओमिक्रॉन संक्रमित मरीजों में सिरदर्द, शरीर में दर्द, थकान और हल्के बुखार जैसे लक्षण सामने आ रहे हैं, लेकिन वायरस के घातक रूप लेने की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

### वायरस के गंभीर लक्षण भी सामने आ सकते हैः एम्स